तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार, 13 मई 2024

11 केजरीवाल जमानत पर छूटे, आप पार्टी ने जताई खुशी



12 सांकरा में गहराया पेयजल संकट, दूसरे के...





## खबर संक्षेप



### भालू के हमले से महिला घायल

**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के बरगांव जंगल में रविवार को एक महिला पर भालू ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल महिला को ईलाज के लिए मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया है। जहां उनका उपचार किया जा रहा है। वहीं वन विभाग के सहायक रेंज अफसर गंगाराम ठाकुर ने अस्पताल पहुंचकर घायल महिला को आर्थिक सहायता प्रदान किया है, मिली जानकारी के अनुसार उर्मिला पति बिसेश्वर जाति भुंजिया 34 वर्ष ग्राम बरगांव निवासी रविवार को महिलाओं के साथ शादी विवाह कार्य के लिए माहूल पत्ता तोड़ने पास के जंगल में गई थी। और अचानक भालू ने महिला पर हमला कर दिया। भालू के हमले से महिला के कमर में उनके नाखुन से गंभीर चोट आई है। महिला के चिल्लाने पर भालू जंगल के तरफ भाग गया। घायल महिला को उनके साथियों ने घर तक लाया। उसके बाद प्राईवेट वाहन किराया कर मैनपुर अस्पताल में ईलाज के लिए लाया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

### भाठीगढ़ रीपा केंद्र के पास दिखा अजगर



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से तीन किलोमीटर दूर ग्राम भाठीगढ पैरी उदगम पहाड़ी के नीचे शासन द्वारा लाखों करोडो रूपये खर्च कर रीपा केन्द्र का निर्माण किया गया है। इस रीपा केन्द्र के बांउड्रीवाल के अंदर रविवार को विशाल अजगर सर्प को देखकर यहां लोग दहशत में आ गये। रीपा केन्द्र के समीप एक पहाड़ी में अजगर साप का बसेरा होने की जानकारी ग्रामीणों द्वारा दिया जाता है, इस अजगर को देखने भारी भीड लगी रही। अजगर सांप ने किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया और खेत के एक घंटे बाद खेत के तरफ चला गया। ग्रामीणों ने जानकारी दिया है कि भाठीगढ पहाड़ी के नजदीक डेम के बगल पहाडी में वर्षों से अजगर सांप देखने को मिलता है, लेकिन अब तक किसी को नुकसान नहीं पहुंचा है।

### 12वीं में होलिका और 10वीं में कुशिक प्रथम

**फिंगेश्वर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय फिंगेश्वर का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा दसवीं कुल दर्ज संख्या 55 मे 49 उतीर्ण रहे। वहीं अनुत्तीर्ण 5, पूरक 1 कुल 90 प्रतिशत उतीर्ण रहा। कक्षा 12वीं में होलीका एवं 10वीं में कुशिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 10वीं की बोर्ड परीक्षा में कुशिक यदु पिता गोपेश यदु 91.6ः प्रथम स्थान, करण खरे पिता तोषण लाल खरे 91.5ः के साथ द्वितीय स्थान, लीलम साहू पिता केवल राम 91.17ः के साथ तृतीय स्थान, मनीष कुमार पिता रेवाराम सोनकर 91 प्रतिशत के साथ चतुर्थ स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में कुल दर्ज संख्या 30 में से उत्तीर्ण संख्या 29 एवं पूरक 1 रहा। इस प्रकार से कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 97 प्रतिशत रहा। जिसमें होलिका साहू पिता अनिरुद्ध साहू 74.4 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, एकता साहू 72.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, जिज्ञासु मोरे 71.8 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। परीक्षाफल को लेकर विद्यार्थीयों की सफलता पर श्री बालाजी शिक्षण समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय के अध्यक्ष रामू राम साहू एवं व्यवस्थापक पूनम यादव तथा प्राचार्य दीपक शुक्ला, प्रधानाचार्य सुरेश कुमार यादव एवं समस्त आचार्य एवं दीदीयों ने शुभकामनाएं दी है।

# मैनपुर क्षेत्र में बेमौसम आंधी, बारिश और ओलावृष्टि ने जमकर बरपाया कहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर क्षेत्र में रविवार को दोपहर 2 बजे के बाद अचानक मौसम ने करवट लिया और देखते ही देखते ओलावृष्टि के साथ बारिश होने लगी। कहीं-कहीं तो तेज आंधी तुफान के चलते नेशनल हाईवे से लेकर कई गांव में बड़े- बड़े वृक्ष धराशाही हो गया। जिसके चलते मैनपुर देवभोग मुख्य मार्ग घंटो अवरूद्ध रहा और तो और बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

ज्ञात हो कि आज रविवार को सुबह से तेज धुप से लोगों की हाल बेहाल हो गया और दोपहर 02 बजे के बाद अचानक मैनपुर क्षेत्र के कई ग्रामों में जमकर ओलावृष्टि हुआ तो पूरे क्षेत्र में जमकर बारिश और

### नेशनल हाईवे पर जगह -जगह पेड़ गिरने से आवगमन अवरूद्ध







आंधी -तुफान से कई मकानों के खपरैल और बड़े-बड़े वृक्ष धराशाही हो गया। बेमौसम बारिश से आम, सरई, चार के साथ कई वनोपज भारी नुकसान पहुंचा है तो वहीं इन दिनों तेन्दुपत्ता संग्रहण का कार्य तेज गति से चल रहा है। ओलावृष्टि और बारिश से तेन्दुपत्ता की क्वालिटी में काफी अंतर देखने को मिलेगा तो वहीं तेन्दुपत्ता के पत्ते भी खराब होने की संभावना है।मैनपुर के पूरे क्षेत्र में इन दिनों धान और मक्का की फसल पककर तैयार हो गई है। किसान युद्ध गति से धान और मक्का की फसल की कटाई कर रहे हैं, खेतों में धान के करपे पड़े हुए हैं। बारिश और आंधी तुफान से धान और मक्का के फसल को भारी नुकसान पहुचेंगी तो वहीं ओलावृष्टि के कारण घर के बाड़ियों में लगाये ▶▶| शेष पेज 10 पर

### लापरवाही : मैनपुर व देवभोग क्षेत्रों में वाहन के ऊपर तक बैठाकर ढ़ोते हैं सवारियां

# जिले की सड़कों पर फर्राटे भर रहीं अनफिट और बिना नंबर प्लेट की गाड़ियां, जांच में कोताही उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

शहर हो या ग्रामीण क्षेत्र के सडकों पर अनफिट वाहनों की भरमार है, जो न केवल यातायात के नियमों को तोड़ रहे है, बल्कि आम जनता के लिए भी खतरा बन रहे हैं। कई चालकों द्वारा बेखौफ होकर वाहनों को दौडाने से दुर्घटनाओं का खतरा बन गया है। जिले में ऐसे वाहनों का परिचालन भी हो रहा है। जिसमें नंबर प्लेट भी नहीं है, और तो और कई सरकारी कार्यलयों में बगैर फिटनेस की गाड़ियों को किराया में चलाया जा रहा है। बेहद कंडम हो चुके जीप, बस, टैक्सी और मालवाहक वाहने क्षेत्र में फर्राटे मार रहे है। इन वाहनों की जांच नहीं हो रही है, और तो और इन वाहनों से निकलने वाले काले धुए से लोग परेशान हो रहे है यह वाहनें जिला मुख्यालय से होकर मैनपुर देवभोग क्षेत्र तक दौड़ रहे हैं, लेकिन इन वाहनों की जांच नहीं हो रही है। सबसे ज्यादा ऐसे वाहने मैनपुर, देवभोग व ओडिसा सीमा क्षेत्रों में दिखाई दे रही है। इन वाहनों में नंबर भी नहीं रहता और सवारियों को वाहन के ऊपर तक बैठाकर ढोते दिखाई दे रहे हैं।







#### स्कूली बच्चों के साथ लोगों की रहती है आवाजाही

मैनपुर क्षेत्र में इन दिनों तेज गति से चलने वाले वाहनों पर कोई कार्यवाही नहीं होने से छोटे- छोटे बच्चे भी फराटेदार वाहन चलाते नजर आ रहे हैं। जिसके चलते आए दिन दुर्घटनाएं घट रही है, तेज रफ्तार वाहनों पर कार्यवाही किया जाना अतिआवश्यक हो गया है, वहीं कुछ वाहन चालक शराब के नशे में इतना तेज गति से वाहन चलाते है कि देखने वाले कांप जाते है, जबकि तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में नेशनल हाईवे के किनारे ही बालक प्राथमिक शाला, कन्या मिडिल स्कूल, और सभी सरकारी बैंक व संस्थाए है, जहां छोटे -छोटे स्कूली बच्चों के साथ लोगों की आवाजाही लगी रहती है। तेज गति वाहन चालकों पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर पूर्व में थाना में आयोजित शांति समिति की बैठक में नगर व क्षेत्रवासियों ने मांग भी किया था।

#### तेज रफ्तार वाहनों पर कार्रवाई नहीं

क्षेत्र की सड़कों पर बेखौफ दौड़ रही भारी वाहनों की वजह से सड़कों का दम निकल रहा है, बेखौफ होकर ओवरलोड वाहन सड़क से गुजर रहे हैं, क्षमता से कई गुना अधिक वनज लेकर वाहन चलने से सड़कों की हालत खराब होती जा रही है, इस ओर संबधित विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं देने के कारण ऐसे वाहनों पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है।

#### ट्रैक्टर चालकों के लायसेंस की जांच जरूरी

क्षेत्र में इन दिनों सबसे ज्यादा दुर्घटनाए ट्रैक्टरों से हो रही है, जिसके पिछे मुख्य कारण नवसिखिया छोटे -छोटे बच्चे और बगैर लायसंस के ट्रैक्टर को आंधा धुंध दौड़ाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर में कुछ दिन लेवर काम करने के बाद सीधा ड्राईवर सीट पर बैठ जाते है और ऐसे लोगों के पास न तो लायसैंस है और न ही अनुभव, ऐसे लोग काफी तेज गति से नगर सहित ग्रामीण ईलाकों में ट्रैक्टर को दौड़ाते नजर आते हैं जिसके कारण आये दिनों दुर्घटनाएं बढ़ रही है। जिले व क्षेत्र में दौड रहे अनफिट वाहनों साथ ही नवसिखिया चालकों और शराबी पीकर वाहन दौडाने वाले चालकों के खिलाफ परिवार और पुलिस विभाग को कार्यवाही करने की जरूरत है। जिससे क्षेत्र में दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

### प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द में समर कैंप आज से



**गरियाबंद।** भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए गरियाबंद जिला शिक्षा विभाग की ओर से जिले के कुछ चुनिंदा स्कूलों में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जहां पढ़ने वाले बच्चों को अलग-अलग विधाओं में संगीत , पेंटिंग, डांस, कविता, खेल जैसे अनेक विधाओं में शिक्षक के द्वारा प्रदान की जा रही हैं। ऐसे ही फिंगेश्वर विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द में 13 मई से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है।इस आयोजन को लेकर व्यापक तैयारी की जा चुकी हैं हमारे मूल भाषा छत्तीसगढ़ी आज भी सबसे ज्यादा बोली एवं समझी जाती है किन्तु समय के साथ धीरे -धीरे बच्चों के साथ कुछ वर्ग पाश्चात्य संस्कृति को अधिक महत्व देने के कारण छत्तीसगढ़ी भाषा का महत्व कम हो रहा है किन्तु हमारे छत्तीसगढ़ी भाषा में अनेक विधाओं से परिपूर्ण हैं जिनके अन्दर हाना, लोकगीत, कर्मा, ददरिया, लिरो जिन्हें बच्चों के बीच गांव के ▶▶| शेष पेज 10 पर





# जनमन योजना के आवास निर्माण प्रगति पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

■ जनपद सीईओ ने कहा मानसून के पूर्व छत ढलाई का लक्ष्य

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विशेष जनजाति कमारो के लिए जनमन योजना के तहत आवास सहित कई योजनाओं प्रारंभ की गई है। वर्तमान में जनमन योजना के तहत कमार जनजाति के महिलाओं के नाम पर आवास स्वीकृत किया गया है, इसका निर्माण कार्य प्रगति पर है एवं इसके लगातार देख-रेख दिशा निर्देश किया जा रहा है और जल्द से जल्द पूर्ण हो इसके लिए पूरे अधिकारी कर्मचारी लगे हुए हैं, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशेष जनजाति के निवास रत स्थान के लिए भी सड़क सहित अन्य योजनाएं भी लागू की है। इस पर आगे की क्रियान्वयन होना है, वर्तमान में आवास निर्माण कार्य प्रगति पर है जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत 42 ग्राम पंचायत में विशेष जनजाति के कमार परिवार निवास रत है जिसमें कुछ लोगों का आवास स्वीकृत प्रकरण प्रक्रिया में है और वर्तमान में 418 के हितग्राहियों को जनमन योजना के तहत आवास स्वीकृत की गई है जिसमें से सभी को प्रथम किश्त जारी कर कार्य प्रारंभ करने ▶▶| शेष पेज 10 पर

# बीमारी नहीं अव्यवस्था से जूझ रहीं विधवा माताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



■ सुपेबेड़ा में पिछले 17 सालों में 130 से ज्यादा किडनी रोगियों की मौत

जिले में किडनी पीड़ितों के गांव कहे जाने वाले सुपेबेड़ा के दर्द से अब कोई अनजान नहीं है। पिछले 17 सालों में यहां 130 से ज्यादा किडनी रोगियों की मौत हो गई और 2 दर्जन लोग अब भी बिमार हैं। राहत और बचाव के सरकारी दावे के बीच विधवा हो चुकी माताएं भी है जो अब बीमारी से नहीं व्यवस्था से जूझ रही हैं। तस्वीर में देख सकते हैं कि देवभोग के मनरेगा दफ्तर में फाइलों को संजो रहीं वैदेही और लक्ष्मी बाई। दोनों उसी सुपेबेड़ा ग्राम के हैं, जहां किडनी के रोग काल बन कर आया। दोनों के पति शिक्षक थे लेकिन किडनी रोग से लक्ष्मी सोनवानी के पति क्षितीराम की मौत 2014 में तो वैदेही क्षेत्रपाल के पति प्रदीप की मौत 2017 में हो गई। बीमार से ग्रसित पति को जमीन, जेवर तक बेचना पड़ा। हाऊस लोन निकाल कर इलाज में खर्च किए पर जान नहीं बचा पाए। दोनों के 3-3 संतान हैं। गुजर बसर और बच्चों के परवरिश की जिम्मेदारी भी इन्हीं पर है। 2019 में राज्यपाल के दौरा के बाद इन्हें कलेक्टर दर पर प्रतिमाह 10 हजार रूपये पगार पर नौकरी मिल गई। लेकिन ये रुपये महंगाई के जमाने में गुजर बसर के लिए काफी नहीं है। इन्हें आज भी बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए मदद की आस है।

किडनी के बिमारी से मुखिया के गुजर जाने के बाद गांव में और भी 80 से ज्यादा ऐसी बेवा है जो परिवार चलाने बिना किसी सरकारी मदद के संघर्ष कर रही हैं। सिलाई मशीन पर बैठ कर धागा पिरोती महिला प्रेम सिला के पति प्रीतम आडील के अलावा परिवार के सास-ससुर की मौत 7 साल पहले एक-एक करके बिमारी से हुई। छोटी ननद और दो बच्चे के भरण पोषण का जिम्मा अब प्रेम सिला के कंधे पर है। घर की हालत बता रही है की सिलाई मशीन के भरोसे किसी तरह भोजन का इंतजाम कर पा रही है। गांव की गोमती बाई हो या रीना आडील, यशोदा हो या हेम बाई सभी मजदूरी के भरोसे परिवार चला रहे हैं।

सरकार के निर्देश के बावजूद जिला पंचायत ने केवल महिला समूह का गठन कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया है। पिछले 6 साल में 6 सिलाई मशीन देकर सारे ▶▶| शेष पेज 10 पर

### खेत में डाली जा रही है देशी खाद

# खरीफ फसल के लिए खेतों की सफाई में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

अंचल के किसान खरीफफ्सल की खेती -किसानी की तैयारी में जुट गए हैं। अलसुबह खेतों में पहुंचकर खरपतवार निकालकर जला रहे हैं। दूसरी ओर सोसायटियों से ऋण लेने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मई माह के अंतिम सप्ताह व जून माह के प्रथम सप्ताह से मौसम में परिवर्तन आना शुरू हो जाता है इसलिए खेतों की सफाई करना जरूरी होता है। खेतों में जुताई से पहले खरपतवार को एकत्र कर जलाया जा रहा है तो कहीं खेत में देशी खाद डाला जा रहा है। किसानों का मानना है कि खेती की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने के लिए खेत में बारिश से पहले देसी खाद का देना जरूरी होता है। उसके बाद खेत की जुताई की जाती है। इससे समय आने पर फ्सल अच्छी हो सके। वे खेतों की अकरस जुताई के साथ ही गोबर खाद पहुंचाने, कचरे, कांटों का सफाई के साथ सहकारी समितियों से खाद व ऋण की व्यवस्था करने जैसे काम में जुटे हैं। कभी -कभी समय से पहले अधिक बारिश हो जाती है। ऐसे में किसान बिना तैयारी हाथ पर हाथ धरे रह जाता है। लेकिन इस वर्ष ऐसे के बारिश का फयदा उठाने के लिए अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह से ग्रामीण क्षेत्र के किसान खरीफ खेती किसानी की तैयारी में जुट गए है। वे सुबह खेतों में जाकर मेंड़ निर्माण कर रहे हैं। वहीं मेंड़ व खेतों के खरपतवार निकालकर जला रहे हैं ताकि खेतों की सफाई हो सके। उल्लेखनीय है कि जिले में खरीफसीजन पर जिले के सभी किसान धान की फसल लेते हैं। जिले के ग्रामीण अंचलों के किसान प्री मानसून के बारिश में ही सूखा बोनी करते हैं इसलिए पहले से खेतों में सूखा जोदाई व पूरी तैयारी कर रखते हैं।

#### ट्रैक्टर का उपयोग बढ़ा



रबी सीजन में धान फसल लेने वाले किसानों के खेतों में इन फसल प्रकर तैयार हो रही है। ऐसे किसान खरीफधान फसल लेने पिछड़ जाते हैं। खेतों में जुताई, हेराफेरी, वीपास, कूड़ा कचरा हटाकर खेत साफ करने जैसे खेतों के काम में तेजी आ गई है। पहले जुताई और मड़ाई बैलों की सहायता से की जाती थी। हाल ही में जैसे जैसे पशुधन में गिरावट आई और आधुनिकीकरण के कारण मशीनीकृत कृषि हुई ट्रैक्टरों का महत्व बढ़ गया। इसलिए वर्तमान में खेती का सारा काम ट्रैक्टरों की मदद से किया जा रहा है। डीजल के दाम बढ़ने से ट्रैक्टर का किराया भी बढ़ गया है और खेती की लागत भी बढ़ गयी हैण हाल ही में तापमान में वृद्धि के कारण किसान और खेत मजदूर सुबह के सत्र में कृषि कार्य कर रहे।

### दुष्कर्म का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर किया वायरल, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** दुष्कर्म कर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले आरोपी के खिलाफ तेंदूकोना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी गुलाब ध्रुव नयापारा पिथौरा ने प्रार्थी की बहन शादी का प्रलोभन देकर करीब पांच महीने पूर्व जंगल की ओर लेकर दुष्कर्म करने के बाद हर 15 दिन में अलग-अलग स्थानों में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाया। साथ ही धोखे से अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 376 (2) (ढ) के अलावा 4, 6 पॉक्सो एक्ट, 67, 67 ए, 67 बी आईटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### पूर्व चैंबर अध्यक्ष ने किया चैंबर संविधान संशोधन का स्वागत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष पूरनलाल अग्रवाल ने चैंबर के संविधान संशोधन का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि पहले चैंबर परिवार छोटा था, वर्तमान में इसकी सदस्यता बढ़कर 25 हजार तक पहुंच गई है। ऐसे में चैंबर संविधान में संशोधन लाजिमी है। वर्तमान में हुए संशोधन को लेकर श्री अग्रवाल ने कहा, चैंबर संविधान में संशोधन शत–प्रतिशत नियमों के अनुसार किया गया है। इस संशोधन के तहत चैंबर के पूर्व अध्यक्ष भी अब आगामी चैंबर चुनाव में चुनाव लड़ सकेंगे, जिन्हें भी चुनाव लड़ना है, वो खुलकर सामने आएं और चुनाव लड़ें।



### राहगीरों को गर्मी से राहत देने मठा वितरित




**रायपुर।** इस भीषण गर्मी से राहगीरों राहत देने के लिए सिंधी साहिती बिरादरी मंडल के पदाधिकारियों ने शहर के लोगों को मठा वितरित किया। कार्यक्रम में चैंबर अध्यक्ष अमर पारवानी, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी, एक पहल के संरक्षक राजेश वाधवानी और बढ़ते कदम से हरीश दानवानी, राजू तरवानी, सिंधु समाधान से देवराज गुरनानी, सिंधी साहिती बिरादरी मंडल से अध्यक्ष दिलीप इसरानी, महासचिव सुनील अजवानी, राजेश विधानी, सोनू गोवानी, अनिल हेमानी, हरीश अजवानी, सेवाराम हेमानी, विजय हेमानी, अशोक इसरानी, अजीत मोटवानी, शंकर दानवानी, गोविंद, हरिश अजवानी, सतीश छुगानी, मनोहर छुगानी आदि शामिल हुए।

### आंबेडकर अस्पताल में मनाया गया नर्स दिवस



**रायपुर।** इंटरनेशनल नर्सेज डे की पूर्व संध्या पर आंबेडकर अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन द्वारा इस दौरान नर्सों के लिए रंगोली, मेंहदी, चित्रकला, डांस, गायन जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। इस दौरान विजेताओं को चिकित्सा अधीक्षक एवं संयुक्त संचालक डॉ. एसबीएस नेताम द्वारा पुरस्कार का वितरण भी किया गया। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस हर साल मॉडर्न नर्सिंग की जन्मदाता फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिवस पर 12 को मई मनाया जाता है।

### आर्ट ऑफ लिविंग के ज्ञान क्षेत्र का उद्घाटन 12 को

**रायपुर।** श्रीश्री रविशंकर महाराज के आर्ट ऑफ लिविंग रायपुर परिवार समेत छत्तीसगढ़वासियों को गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर के जन्मदिन और रायपुर के अपने ज्ञान क्षेत्र सी-4 सेक्टर 12 कमल विहार के उद्घाटन समारोह के लिए आमंत्रित किया है। आर्ट ऑफ लिविंग के स्टेट को-ऑर्डिनेटर दीपेंद्र दीवान ने बताया 12 मई को प्रातः 8 बजे वास्तु और गणेश होमा, प्रातः 11 बजे उद्घाटन कार्यक्रम एवं दोपहर में भोजन तथा गुरुदेव के जन्मदिन के पूर्व संध्या को मुक्ताकाशी मंच घड़ी चौक रायपुर में शाम 7.15 बजे सामूहिक पूजा, शाम 7.45 में प्रसिद्ध भजन गायक प्रवीण मेहता बेंगलुरु आश्रमद्वारा सुरमयी संगीत की सुमेरु संध्या का आयोजन किया जा रहा है। 13 मई को सुबह सुदर्शन क्रिया ज्ञान क्षेत्र रायपुर में तथा आयुष होमा का आयोजन एवं दोपहर में हनुमान मंदिर मोतीबाग के समीप चना, छाछ वितरण कार्यक्रम होगा।

# इंटरवेशनल प्रक्रिया पूरी कर डाक्टरों ने दिलाया महिला को मातृत्व सुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्भाशय की दुर्लभ एंडोवैस्कुलर बीमारी एवी मालफॉर्मेशन नामक बीमारी से पीड़ित महिला का उपचार कर आंबेडकर अस्पताल के डाक्टरों ने उसे मातृत्व सुख प्राप्त करने में मदद की। उसके इलाज के लिए रेडियोलॉजी विभाग के चिकित्सकों ने एंडोवैस्कुलर गर्भाशय धमनी एम्बोलाइज़ेशन नामक इंटरवेशनल प्रोसीजर पूरा किया। चिकित्सकों के मुताबिक महिला को पिछले कई माह से अत्याधिक रक्तस्त्राव की समस्या हो रही थी, जिसके कारण उसका हीमोग्लोबिन काफी कम हो गया था। सक्ति जिले में रहने वाली महिला को उपचार के लिए बिलासपुर मेडिकल कालेज से आंबेडकर अस्पताल रेफर किया गया था। आंबेडकर अस्पताल के स्त्री रोग विभाग की ओपीडी में उसकी विभिन्न तरह की जांच के बाद महिला की बीमारी का पता चला। समस्या के समाधान के लिए उसे रेडियोलॉजी विभाग भेजा गया। कलर डाप्लर सीटी स्कैन एवं एमआरई के बाद बीमारी की पुष्टि कर इलाज की प्रक्रिया शुरू की गई। चिकित्सकों ने बिना चीरफाड़ के गर्भाशय धमनी एम्बोलाइज़ेशन (यूएई) प्रक्रिया द्वारा एवीएम में असामान्य रक्त वाहिकाओं को ब्लॉक कर दिया। इस प्रक्रिया के आठ महीने बाद महिला गर्भवती हुई, उसने स्वस्थ जुड़वा बच्चों को जन्म दिया। इस उपचार प्रक्रिया को डॉ. पात्रे के साथ डॉ. नोबल चंद्राकर, डॉ. राहुल ठाकुर, डॉ. प्रसंग, डॉ. जूही, एनेस्थेसिया से डॉ. प्रतिभा जैन शाह, टेक्नीशियन नरोत्तम और यशवंत साहू ने मिलकर पूरा किया।

## गर्भाशय की एवी मालफॉर्मेशन बीमारी से पीड़ित थी महिला

### ऐसे पूरी हुई प्रक्रिया

इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट डॉ. विवेक पात्रे ने बताया कि कमर के नीचे बेहोश करके दाहिनी जांघ के फिमोरल आर्टरी में एक पतली सी तार और कैथेटर डालकर पिन होल तकनीक से एवी मालफॉर्मेशन को खून सप्लाई करने वाली बायीं और दायीं धमनी को एम्बोलिक एजेंट डालकर बंद कर दिया गया। इससे मालफॉर्मेशन में खून का बहाव रुक गया और उसकी समस्या का समाधान हो गया।



### जुड़वा बच्चों की मां बनने का सुखद अहसास

उपचार के बाद मातृत्व सुख प्राप्त करने वाली महिला ने कहा कि गर्भावस्था में विभिन्न प्रकार की तकलीफों के बाद भी मातृत्व सुख असीम आनंद देने वाला होता है और आंबेडकर अस्पताल के रेडियोलॉजी एवं प्रसूति रोग विभाग के डॉक्टरों के उपचार की मदद से मुझे भी मातृत्व सुख प्राप्त हुआ। इस बार मातृत्व दिवस मेरे लिए दो बच्चों के साथ बेहद सुखद अहसास लेकर आया है।

## निगम ने बेहतरी के लिए बढ़ाए दो जोन, मगर सामुदायिक भवनों की अटकी सुविधा

# दो सामुदायिक भवनों में जोन दफ्तर, सिर्फ एक के लिए जमीन, दूसरे के लिए तय नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में निगम और स्मार्ट सिटी ने मिलकर जन सरोकार के कई काम करवाए हैं। वहीं आउटर में दो वार्ड ऐसे हैं, जहां 25 से 30 हजार की आबादी के लिए बनवाए गए सामुदायिक भवन की सुविधा भी मांगलिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए चार साल से नहीं मिली है। लोगों के लिए बनवाए गए सामुदायिक भवनों में चार साल से जोन दफ्तर संचालित है। इससे लोगों को वार्डों में सामुदायिक भवन होने के बाद भी सुविधा नहीं मिल रही है। लोगों को भवन के लिए अभी भी इंतजार करना पड़ेगा, क्योंकि निगम ने मोवा में जोन-9 के लिए जी-वन कैटेगरी में बिल्डिंग बनाने के लिए जगह तय की है।

राजधानी की तेजी से बड़ती सीमा में जुड़े नए वार्डों में निगम की सुविधा बेहतर की जा सके, इस लिहाज से शासन के आदेश पर निगम में शामिल वार्डों व जोन का परिसिमन एवं विभाजन हुआ। तब आनन-फानन में मोवा थाना के पास वार्ड 9 में शामिल इकलौते सामुदायिक भवन में निगम ने जोन कार्यालय शुरू किया। इसी तरह डॉ.राजेन्द्र प्रसाद वार्ड यानी 52 में सरकारी स्कूल परिसर में स्थित वार्ड के इकलौते सामुदायिक भवन में जोन -10 कार्यालय शुरू हो गया। निगम सूत्रों ने बताया कि नए जोन कार्यालय की शिफ्टिंग के दौरान दो साल में क्षेत्र में सरकारी जमीन का सर्वे करने के बाद जोन कार्यालय बनाने की प्रक्रिया करने का दावा किया गया। चार साल बाद भी वार्ड 52 एवं 09 में स्थित सामुदायिक भवन लोगों की सुविधा के लिए निगम ने नहीं खाली किया है।

### 98 लाख में बनेगी नई बिल्डिंग

*सूत्रों ने बताया कि मोवा में जोन कार्यालय बनाने के लिए जगह तय करने के बाद वहां निर्माण के लिए एजेंसी को मार्च में जिम्मेदारों ने वर्कआर्डर दिया है।इसके लिए शासन से 98 लाख की मंजूरी मिलने से ड्राइंग-डिजाइन तैयार करवाने के साथ ही काम भी शुरू किया गया है। अभी केवल बिल्डिंग निर्माण के लिए फंड मिला है। इसके अलावा परिसर में पार्किंग, स्ट्रीट लाइट, सड़क जैसी कई सुविधाओं के लिए निगम को दोबारा प्लानिंग करनी होगी, चूंकि इन कार्यों के लिए बजट नहीं मिला है। एजेंसी को नई बिल्डिंग का काम पूरा करने के लिए 12 महीने का समय दिया है, इसे समय से पहले पूरा करने की तैयारी है।*



### अभी तक जगह भी तय नहीं

*वहीं वार्ड 52 की पार्षद संध्या नानू ठाकुर ने अमलीडीह पानी टंकी के पास स्थित सामुदायिक भवन को खाली करवाने के लिए कई बार निगम में आवेदन किया है। उन्होंने बताया कि वार्ड में यह इकलौता सामुदायिक भवन है। इसे हर वर्ग के लोग वैवाहिक एवं अन्य सामाजिक आयोजनों के लिए बुक करते थे। चार साल पहले वैकल्पिक व्यवस्था के तहत जोन 10 कार्यालय शिफ्ट करने के बाद सुध नहीं ली गई। इससे अभी तक लोगों की सुविधा के लिए भवन भी वापस नहीं मिला। इसके लिए दबाव बनाने पर अधिकारी यहां-वहां जमीन तय करने का भरोसा दिलाते हैं, अभी तक इसकी कार्ययोजना भी नहीं बना पाए।*

### लोग करते थे भवन की बुकिंग

*मोवा वार्ड क्रमांक 09 की पार्षद द्रौपदी हेमंत पटेल ने बताया कि चार साल से वार्ड के इकलौते भवन को खाली करवाने के लिए प्रयास किया। नई सरकार आने से पहले मोवा स्थित आश्रय स्थल के पास जोन कार्यालय की नई बिल्डिंग बनाने के लिए जगह तय हुई। विधानसभा चुनाव के बाद जोन दफ्तर बनाने के लिए फंड की स्वीकृति मिलने के बाद एजेंसी तय हुई है। इसे बनने में सालभर लगेगा इसलिए वार्ड के लोगों को भवन की सुविधा के लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा। जोन कार्यालय शुरू होने से पहले हर साल लोग सैकड़ों लोग छोटे-बड़े आयोजनों के लिए बुक करवाते थे, अब प्राइवेट भवन बुक करते हैं।*

### एक जोन कार्यालय का निर्माण शुरू

जमीन का चिन्हांकन व सीमांकन की प्रक्रिया के बाद प्रस्ताव भेजते हैं। इसके चलते विलंब की स्थिति बनती है। अभी मोवा में जोन कार्यालय का निर्माण शुरु हुआ है। जल्द ही जोन -10 के लिए भी जगह तय किया जाएगा।

**- विनोद कुमार पांडेय,** अपर आयुक्त, नगर निगम, रायपुर

# छत्तीसगढ़ में मतदान के बाद मतगणना की तैयारी, 16 से प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव का मतदान पूरा होने के बाद अब निर्वाचन आयोग मतगणना की तैयारी में जुट गया है। मतगणना के लिए कर्मियों को 16 मई से प्रशिक्षण दिए जाने की तैयारी है। निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय व राज्य मास्टर ट्रेनर्स को बुलाया गया है।



वे रिटर्निंग अफसरों, सहायक रिटर्निंग अफसरों, काउंटिंग अफसरों को संबंधित जिलों में ट्रेनिंग देंगे। 4 जून को होने वाली मतगणना से पूर्व सभी अफसर और कर्मियों को तैयार किया जाएगा।

- 4 जून को मतगणना, 1302 कर्मचारी की ड्यूटी लगेगी

लोकसभा चुनाव में प्रदेश में 220 प्रत्याशियों का भाग्य तीन चरणों में मतदान के बाद ईवीएम में कैद हो गया है। 4 जून को को सभी के भाग्य का फैसला प्रदेश के विभिन्न जिलों में होने वाली मतगणना के बाद होगा। मतगणना के लिए माईक्रो अब्जर्वर की देखरेख में पूरा कार्य रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अफसरों के माध्यम से पूरा कराया जाएगा। निर्वाचन ने हर लोकसभा के विधानसभाओं के आधार पर 14 टेबल लगाई जाएंगी। वहां पर 7 काउंटिंग अफसरों के साथ सहायक रिटर्निंग अधिकारी और माइक्रो आब्जर्वर मौजूद रहेंगे। सभी जिलों में डाक मतपत्रों की गिनती पहले होगी। डाक मतपत्रों की गिनती के लिए 110 सहायक रिटर्निंग अफसर लगाए जाएंगे। मतगणना में कुल 1302 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

# साय बोले- केजरीवाल पहले अपना घर देखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ओडिशा में दो बड़ी जनसभाओं को संबोधित कर रायपुर लौटे। हेलीपेड पत्रकारों से चर्चा करते हुए अरविंद केजरीवाल द्वारा भाजपा नेताओं के कैरियर को लेकर दिए बयान पर सीएम साय ने कहा, वो लोग अपना घर पहले देखें, हमारा घर बिलकुल मजबूत है। हमारी चिंता बिल्कुल न करें।

नक्सलवाद पर सीएम ने कहा, हम जब से सरकार में हैं, मजबूती के साथ लड़ रहे हैं। कल 12 नक्सली मारे गए हैं, मेरी जानकारी के अनुसार आज भी एक नक्सली मारा गया है। 29 नक्सली भी एक दिन में मारे हैं। आगे भी मजबूती से लड़ेंगे, या तो वो आत्मसमर्पण कर दें और विकास की मुख्यधारा से जुड़ जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा, आज उनका तीसरी बार ओडिशा का दौरा था। कालाहांडी लोकसभा क्षेत्र की दो विधानसभाओं नुआपारा और जूनागढ़ में जनसभा को संबोधित किया। दोनों सभा बहुत सफल रही, इतनी गर्मी के बावजूद भारी संख्या में वहां पर मतदाता आए। इस बार ओडिशा में भी परिवर्तन दिख रहा है, लोगों को हम बता रहे हैं कि मजबूत सरकार और मजबूत प्रधानमंत्री बनाने से बहुत फायदे मिलते हैं। उन्होंने कहा, पहले बात-बात में जो पाकिस्तान गीदड़ भभकी दिखाता था, दो बार के सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के बाद उसको अपनी औकात पता चल गई। साथ ही हम जनता को बता रहे हैं कि डबल इंजन की सरकार से उसका क्या लाभ होता है।

छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार है, तो 3 महीने में ही मोदी की गारंटी के बहुत सारे काम कर दिए गए हैं और उनसे भी आग्रह कर रहे हैं कि आप भी डबल इंजन की सरकार बनाएं। छत्तीसगढ़ पर भ्रष्टाचार एवं घोटालों पर हो रही जांच के सवाल पर पर श्री साय ने कहा, जो भी विभिन्न घोटालों में शामिल हैं, जांच एजेंसियां जांच कर रही हैं और जो दोषी पाए जा रहे हैं, उन पर कार्रवाई भी हो रही है।

# चार स्थानों पर जल सेवा केंद्र शुरू

## साधक परिवार ने गर्मी में लोगों की प्यास बुझाने किया जतन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी के दिनों में लोगों की प्यास बुझाने साधक परिवार की ओर से शहर में 4 स्थानों पर शीतल जल सेवा केन्द्र शुरू किया गया है। इनमें रेलवे स्टेशन में हनुमान मंदिर के पास, प्लेटफार्म नंबर 1 में पार्सल आफिस के पास, प्लेटफार्म नंबर 2 और प्लेटफार्म नंबर 3 में यात्रियों की सुविधा के लिए निःशुल्क शीतल जल उपलब्ध कराया गया है। साधक परिवार के मीडिया प्रभारी शोभराज मल ने बताया, शहर में वाटर कूलर की व्यवस्था अलग-अलग जगहों पर की गई है। इसमें विधानसभा ओवरब्रिज के पास, अमलेश्वर थाने के सामने, भाठागांव स्थित अंतर्राज्यीय बसस्टैंड के गेट नम्बर 2 के पास और गेट नंबर 4 में लोगों को गर्मी के सीजन में ठंडा पानी निःशुल्क उपलब्ध कराने मशीन लगाई गई है। अक्षय तृतीया के दिन सर्वधर्म प्रार्थना व मंगल आरती कर पूजा अर्चना की गई। साथ ही यात्रियों को केला व शरबत का निशुल्क वितरण किया गया! रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जीआरपी थाने के प्रभारी, माहेश्वरी समाज के राजकुमार राठी, सिंधु शक्ति के संस्थापक किशोर आहूजा, साधक परिवार के प्रेम गोविंदानी, लेखराम साहू, हरेश गोविंदानी, मनोज गोगिया, डीडी सोनी, राकेश दसानी सहित गणमान्य उपस्थित रहे।

- प्लेटफार्म नंबर 1 पर पार्सल आफिस के पास प्याउघर

# केजरीवाल को भाजपा की चिंता करने की जरूरत नहीं- डॉ. रमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ विधानसभा के स्पीकर डा. रमन सिंह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के एक बयान पर पलटवार करते हुए दो टूक में कहा है कि उन्हें भाजपा की चिंता करने की जरूरत नहीं है। पार्टी ने अब तक उन्हें जिस पद की जिम्मेदारी दी है, उसका वे निर्वहन करते आये हैं। पहले 15 साल मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई थी और अब विधानसभा स्पीकर पद की दी गई है।

स्पीकर रमन सिंह ने यह बयान एक एजेंसी को दिए इंटरव्यू में दिया है। इस इंटरव्यू को उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट भी किया है। रमन सिंह ने इस पोस्ट में दो-टूक में कहा कि केजरीवाल को भाजपा की चिंता बिलकुल नहीं करना चाहिए। चाहे मैं हूं, शिवराज जी हों या योगी जी हों, हम सभी मेहनत से आगे बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने मुझे 15 साल सीएम और अब स्पीकर का दायित्व सौंपा है, जिसका मैं निर्वहन कर रहा हूं। इससे पहले भी पार्टी ने मुझे जब भी जो जिम्मेदारी दी, मैंने उसे पूरी निष्ठा से निभाया है। डा. रमन ने कहा कि केजरीवाल चुनाव को देखकर और नतीजों का अनुमान लगाकर बौखला गए हैं। जांच एजेंसियां स्वतंत्र रूप से अपना कार्य कर रही हैं और जो भी दोषी पाए जा रहे हैं, उन्हें दंडित किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 साल में गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के कल्याण के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। उनके ट्रैक रिकार्ड पर जनता को अटूट विश्वास है। कांग्रेस अपनी हार को देखकर निराशा में डूब रही है। निःसंदेह भाजपा देशभर में 400 से ज्यादा सीटों पर जीतकर आएगी और मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

- नि:संदेह भाजपा देशभर में 400 से ज्यादा सीटों पर जीतकर आएगी

विदित हो कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं पर एक टिप्पणी की थी। इसमें उन्होंने कहा था कि भाजपा में लालकृष्ण आडवाणी, शिवराज सिंह चौहान, वसुंधरा राजे सिंधिया और डा. रमन सिंह की राजनीति खत्म हो गई है तथा दो माह बाद यूपी के सीएम योगी को भी हटा दिया जाएगा। डा. रमन सिंह ने केजरीवाल की इस टिप्पणी पर पलटवार किया है।

## केन्द्रीय खनिज सचिव ने की प्रदेश में खनन गतिविधियों की समीक्षा

# उत्खनन क्षेत्र में ग्रीन माइनिंग की नवीन तकनीक का हो उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



केंद्रीय खनिज सचिव व्हीएल कान्ता राव ने औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों से उत्खनन कार्य को अधिक बेहतर बनाने और माइनिंग गतिविधियों के सुगम संचालन के संबंध में उनके सुझाव लिये। केन्द्रीय सचिव ने कहा, उत्खनन क्षेत्र में ग्रीन माइनिंग की नवीन तकनीक का उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि खनन और खनिज उद्योगों में ग्रीन एनर्जी का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने खनिज संसाधनों का जीडीपी में वर्तमान में दो प्रतिशत की भागीदारी बढ़ाने पर बल दिया। केन्द्रीय खनिज सचिव की अध्यक्षता में नवा रायपुर अटल नगर के न्यू सर्किट हाउस में छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व, पर्यावरण तथा खनिज विभाग के सचिव और खनिज विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित बैठक में प्रदेश के उद्योगों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा कर प्रदेश में खनन गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक में खनिज विभाग के सचिव पी. दयानंद ने प्रदेश में खनिज साधन विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों और कार्यों के बारे में बिन्दुवार जानकारी दी। केंद्रीय सचिव ने कहा, छत्तीसगढ़ खनिज संसाधनों की उपलब्धता और खनन गतिविधियों में देश का अग्रणी राज्य है। खनन गतिविधियों में प्रदेश को और आगे लेकर जाना है, जो आर्थिक दृष्टि से भी देश और प्रदेश के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने क्रिटिकल मिनरल्स की प्रोसेसिंग के क्षेत्र में आगे बढ़ने का सुझाव दिया। केन्द्रीय सचिव ने औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों से चर्चा कर प्रदेश में खनन तथा खनिज उद्योगों की गतिविधियों और कार्यों की जानकारी ली और उनकी समस्याएं भी सुनी।

### बंद खदानों में न हो अवैध उत्खनन

केन्द्रीय सचिव ने खनिज साधन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा, ऐसी खदानें जो बंद हो चुकी हैं, उनमें अवैध उत्खनन न हो, बंद खदानों में यदि खनिज है, तो उनमें खनन के लिए जरूरी प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। माइनिंग क्लोजर और बंद खदानों को हैंड ओवर करने की समीक्षा राज्य स्तर पर नियमित रूप से की जाए।

### सिंगल विंडो प्रणाली की जरूरत

बैठक में औद्योगिक प्रतिनिधियों ने भूमि संबंधी, खनिज लौह अयस्क की कमी, वन एवं पर्यावरण स्वीकृति के लिए सिंगल विन्डो प्रणाली की जरूरत बताई। केन्द्रीय सचिव ने कहा, स्वीकृत खदानों को जल्द से जल्द ऑपरेशनल बनाने के लिए बिडर्स और संबंधित विभागों के बीच अधिक समन्वय से काम किया जाना चाहिए। इसके लिए उन्होंने खनिज साधन विभाग के सचिव की अध्यक्षता में ऐसे समस्त विभागों के सचिवों, जिनसे स्टेकहोल्डर्स को सहमतियां लेनी होती है, की माईनिंग रीव्यू कमेटी गठित की जाए।

## पेज 9 के शेष...

### मैनपुर क्षेत्र में...

गये सब्जियों के फसल को भी नुकसान पहुंचेगी। कई जगह खपरेल का निर्माण किया जा रहा है, खपरैल निर्माण के साथ ईट निर्माण को नुकसान पहुंचने की संभावना है। **धुररवागुडी अमलीपदर क्षेत्र में जमकर आंधी, तुफान-** मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के धुररवागुडी और अमलीपदर क्षेत्र में जमकर आंधी तुफान के कारण नेशनल हाईवे मार्ग में एक दर्जन से ज्यादा स्थानों पर बड़े- बड़े पेड़ और वृक्षों के डंगाल गिर गये है जिससे आवगमन प्रभावित हो गया है हांलाकि नेशनल हाईवे के उपर गिरे हुए वृक्षों को हटाने के लिए जेसीबी मशीन का सहारा लिया जा रहा है कई ग्रामीणों के घरों के खपरैल भी आंधी तुफान से उड गये कई जगह बिजली के तार टुट गये है।

### प्राथमिक शाला ...

कुछ प्रमुख लोगों की मदद से स्कूली बच्चों के बीच समर कैंप के बीच आ रहे हैं जिसको ध्यान में रखते हुए व्यापक रूप से तैयारी की जा चुकी हैं जिसको लेकर बच्चे, पालक काफी उत्साहित हैं शिक्षक खोमन सिन्हा ने बताया कि पिछले साल भी समर क्लास का आयोजन किया गया था जो बहुत ही अच्छे ढंग से संचालित हुआ जिसमें बच्चों को विभिन्न विधाओं के बारे में बताया गया था साथ ही समर क्लास के निरीक्षण करने एसडीएम मैडम पूजा बंसल आई थी। उन्होंने समर क्लास के आयोजन का निरीक्षण कर बच्चों को प्रोत्साहित किया और इस समर क्लास की प्रशंसा की थी और विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र जोशी अध्यापन कराते नजर आए थे।

### जनमन योजना के....

का निर्देश दिया गया है, जिसमें 60 द्वारा पुराने मकान को तोड़कर कार्य प्रारंभ किया जा रहा है, 134 नीव खुदाई, 50 पर कालम, 184 दरवाजा स्तर, 18 छत स्तर, 8 ढलाई स्तर एवं 1 प्लास्टर का कार्य एक आवास पर चल रहा है। कार्य के देखने के लिए जनपद सीईओ के साथ-साथ समय अधिकारी, उप यंत्री, तकनीकी सहायक, पंचायत सचिव एवं आवास विभाग के लोगों द्वारा भी लगातार देख कर निर्देश दिया जा रहा है। इस संबंध में जनपद पंचायत के सीईओ आरके ध्रुव ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनमन योजना के कार्य प्रगति पर है। जनपद पंचायत के सभी अधिकारी कर्मचारियों को अलग-अलग क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है सबका प्रयास है कि मानसून के पूर्व छत ढलाई का कार्य हो जाए जिससे इनको किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### बीमारी नहीं अव्यवस्था...

महिलाओ के दर्द निवारण का दावा करने वाले जिला पंचायत के अफसर कैमरे के सामने नहीं आ रहे हैं। इधर स्वास्थ्य विभाग के अफसर अपनी जिम्मेदारी निभाने की बात कह रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

### आत्मानंद इंग्लिश स्कूल में पहली में प्रवेश के लिए लॉटरी 15 को

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा में शिक्षा सत्र 2024-25 में कक्षा पहली में प्रवेश के लिए लाटरी 15 मई को तुमाडबरी स्थित इंग्लिश स्कूल में प्रातः 9 बजे पालकों की उपस्थिति में संचालक लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर से प्राप्त दिशा निर्देश एवं नियमों के तहत निकाली जाएगी। लाटरी प्रक्रिया पारदर्शितापूर्वक करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद द्वारा विकासखंड स्तर की समिति का गठन किया गया है। उक्त समिति में प्रभारी अधिकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी महासमुन्द, समन्वयक, संस्था के प्राचार्य, सदस्य संकुल समन्वयक, सदस्य दो पालक जो शासकीय सेवक हों, सदस्य दो शिक्षक की उपस्थिति में किया जाएगा। लाटरी प्रक्रिया की समस्त गतिविधियों का फोटोगाफी, वीडियोग्राफी भी किया जाएगा, जिससे किसी भी प्रकार की शंका न हो। प्राचार्य अमी रूफस ने समस्त पालकों से निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने की अपील की है। उक्त जानकारी संस्था के मीडिया प्रभारी प्रमोद कुमार कन्नौजे ने दी है।

### पलायन प्रथा पर रोक के कांसेप्ट के लिए किया गया सम्मानित

**महासमुंद।** जिले में नियमित रोजगार की अनुपलब्धता के परिणामस्वरुप पूर्ण रूप से कृषि पर आधारित परिवार जिनके पास वर्ष के छह महीने का ही कार्य होता है तथा आजीविका की तलाश में ऐसे परिवार बाकी बचे हुए छः माह के लिए आसपास या दूरस्थ स्थानों में पलायन कर जाते थे, वर्त्तमान में यह दशा पूरे जिले की है तथा इस पर नियंत्रण कर पाना चुनौती है। बागबाहरा विकासखंड के ग्राम कुरुभाठा में विशेष पिछड़ी जनजाति के परिवारों के पलायन की संभावना को देखते हुए पायलेट बेसिस पर सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. सुरेश शुक्ला द्वारा पिछड़ी जनजाति के परिवारों को उनके परंपरागत व्यवसाय में गुणवत्ता उन्नयन के लिए मूल्य संवर्धन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### तेज आंधी से हाईवे पर गिरा पेड़ आवागमन बाधित...





**मैनपुर।** मैनपुर देवभोग नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य मार्ग पिछले 05 घंटे से बंद हो गया है। इस मार्ग में आवागमन अवरुद्ध हो गया है। जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, हालांकि कुछ छोटे वाहने दूसरे मार्ग अमलीपदर होते आना-जाना कर रहे हैं। लेकिन बड़े वाहनों की काफिला सड़क के दोनों और लगी हुई है और अभी तक नेशनल हाईवे मुख्य मार्ग में गिरे वृक्षों को हटाने के लिए कोई प्रयास प्रारंभ नहीं किया गया है। जिससे इस मार्ग में आने -जाने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। रविवार दोपहर के आसपास मौसम ने अचानक करवट लिया और देखते ही देखते तेज आंधी तूफान के साथ मैनपुर के धुर्वागुड़ी के आसपास मुख्य मार्ग में 7 -8 स्थानों पर बड़े-बड़े वृक्ष सड़क में गिरकर धराशाई हो गया है। जिससे आवागमन अवरोध हो गया है। समाचार लिखे जाने तक पेड़ को नहीं हटाने के कारण इस मार्ग में आने -जाने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि यहां मार्ग रायपुर -मैनपुर- देवभोग होते हुए ओड़ीसा राज्य को जोड़ने वाली मुख्य मार्ग है।

**पर्व विशेष :** गांवों में कामकाज रहा बंद, खुशहाली के लिए की गई कामना

# अक्षय तृतीया पर्व पर ठाकुर देव की पूजा अर्चना, खेती-किसानी की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

अक्षय तृतीया पर गांवों में किसानों ने ठाकुर देवता में दोने में धान, हल्दी, तेल आदि ले जाकर चढ़ाया और बचे हुए धान को खेतों में ले जाकर बोआई की। चूंकि, इस दिन खेती बाड़ी का काम शुरू हो जाता है। इसलिए गांवों में इस दिन विशेष होता है। खेत की साफ सफाई की जाती है। इस दिन विशेष रूप से ठाकुर देव की पूजा पाठ की जाती है। सभी काम गांव में ठाकुर देव की पूजा के बाद ही किया जाता है। यहां तक की पीने के लिए पानी भी ठाकुर देव की पूजा के बाद ही भरा जाता है।

ग्राम तोषगांव के किसान विद्याभूषण सतपथी ने बताया कि बरसों से चली आ रही परंपरा अनुसार ठाकुर देव में परसा पलाश के पत्तों से बने दोना में धान भरकर उसे अर्पित किया जाता है। यह ठाकुर देव को भोग है। सभी घरों से भोग के लिए ठाकुर देव में अर्पित दोनों की धान को नई टोकरी में मिलाते हैं। पश्चात कृषि कार्य से संबंधित जैसे बुआई, निंदाई, गुड़ाई, मिंजाई आदि को सांकेतिक रूप में ठाकुर देव के समक्ष किया जाता है। इसी भोग लगे धान को किसान बीज के रूप में खेतों में बुआई करते हैं।





ठाकुर देवता को गांव में सहाड़ा देव भी कहते हैं। यह देवता किसी भी गांव का सबसे बड़ा देव होता है। माना जाता है कि गांव में हर काम से पहले साहड़ा देव की पूजा की जाती है। पूजन के दौरान गांव के युवा खेतों में नागर का प्रतिरुप चलाते हुए, सामूहिक रूप से सहाड़ा देवता की पूजा कर अच्छे फसल की कामना की। किसानों का प्रमुख त्यौहार अक्ती है। किसान ठाकुरदेव को दोना चढ़ाकर धान बोने की शुरुआत कर चुके हैं। इस तरह खेती-किसानी का काम शुरू हो गया है। ग्रामीण अंचल में इस दिन ग्राम के प्रमुख ठाकुरदेव की पूजा नहीं की जाती, तब तक सारा काम बंद रखा जाता है। पहट में बैगा द्वारा सभी देवी देवाताओं में पूजा-अर्चना की जाती है। पश्चात गांव के किसान ठाकुरदेव में दोना अर्पण करने पहुंचते हैं।

अक्ती के दिन से ही नए दोना के रूप में परसा और अन्य पत्तों से तैयार कर ठाकुरदेव को धान अर्पण किया जाता है। ठाकुरदेव के समक्ष किसानों द्वारा लाए गए धान को रखकर बोनी से लेकर मिसाई तक की सभी प्रक्रियां बैगा द्वारा की जाती है।

पीपल के पते से बैल नागर बनाकर पूजा अर्चना करने के बाद किसानों को बोनी की शुरूआत करने धान बीज दिया जाता है, जिसे किसान अपने खेतों में जाकर बोनी की शुरूआत करते हैं। इसे छत्तीसगढ़ी भाषा में मुठी लेना कहते हैं। किसान खेतों में पहुंचकर धरती माता की पूजा अर्चना कर बोनी की शुरूआत कर खुशहाली की कामना करते हैं।

## केजरीवाल जमानत पर छूटे आप पार्टी ने जताई खुशी



**राजिम।** आम आदमी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष राजा ठाकुर ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिलने पर खुशी जाहिर की। इससे कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ हैं। श्री ठाकुर ने देश के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले पर खुशी जाहिर किया। कहा कि अरविन्द केजरीवाल एक व्यक्ति नहीं एक सोच हैं एक क्रन्ति हैं जो शिक्षा स्वास्थ्य के नायक हैं।

### अंचल में धूमधाम से मनाया गया अक्षय तृतिया का त्योहार

**पाण्डुका।** अंचल में शुक्रवार को अक्षय तृतिया के मौके पर खुशी देखने को मिला। जहां सभी के शुभ माना जाता है। वहीं किसान, बच्चों व बड़ों ने आभूषण खरीदी की। ग्रामीण क्षेत्र में किसान सुबह से 10 बजे तक काम बंद रखकर अपने गांव के इष्ट देवता को परसा के पत्ते से दोना बनाकर उसमें धान भरकर गांव में विराजमान ठाकुर देव को पूरे गांव के किसानों ने समर्पित किया। ऐसा पाण्डुका क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में सुबह से ही देखने को मिला। जिसके बाद गांव के बैगा महराज के द्वारा देवी -देवताओं की पूजा करने के बाद पुनः किसानों को लौटा दिया जाता है। जिसे किसान खेत में जाकर पूजा कर बोनी कार्य करता हैं। इसमें कहा जाता है अक्षय तृतिया अक्ति के बाद किसानों का नया वर्ष में फिर से नया फसल बोवाई का दिन आ जाता है। इस त्यौहार के बाद बारिश का मौसम शुरू हो जाता है। इस अक्षय तृतिया (अक्ति ) के बाद कई गांवो में किसान बोवाई में शुरू कर देते है ऐसे में गाँव के ठाकुर जी महाराज में लोगों की भीड़ रही।

# हाईस्कूल परीक्षा में नम्रता प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द में हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 87 प्रतिशत रहा। विद्यालय में कक्षा दसवीं में कुल दर्ज 40 थे, जिसमें 49 बच्चे परीक्षा में प्रविष्ट हुए। 39 बच्चों में से 34 उत्तीर्ण, 02 अनुत्तीर्ण एवं 03 विद्यार्थी को पूरक की पात्रता मिली है। विद्यालय में नम्रता साहू ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था में प्रथम एवं जितेंद्र कुमार को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ।



इस तरह 09 बच्चे प्रथम, 20 द्वितीय और 05 तृतीय स्थान पर रहे। पिछले वर्ष का परीक्षा परिणाम 82 प्रतिशत था। इस वर्ष के परीक्षा परिणाम में 05 प्रतिशत की वृद्धि हुई। संस्था में संस्कृत विषय के पद रिक्त होने के कारण विगत 6 वर्षों से शाला प्रबंधन समिति द्वारा स्थानीय स्तर पर व्यवस्था कर अध्ययन अध्यापन को पूरा गया किया जा रहा है। सभी विद्यार्थियों की सफलता पर शाला प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों एवं स्टाफ सदस्यों ने हर्ष जताया है। यह जानकारी संस्था प्रमुख भारत साहू ने दी।



### खरोरा में मनाया गया मातृ दिवस

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में मातृ दिवस पर माताओं की पूजा अर्चना की गई। जिसमें मोनिका चंद्राकर, माधुरी पटेल, दुर्गेश निर्मलकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि भारत देश में मातृ दिवस मनाया जाता है। इस दिन अपनी ही माताओं की पूजा अर्चना करते हैं।

# बिजली स्कूल के 10वीं में कुशमी और 12वीं में लोकेश्वरी प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में बोर्ड परीक्षा 10वीं एवं 12वीं का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कक्षा बारहवीं में लोकेश्वरी पटेल 74.4 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, द्वितीय स्थान टिशा निषाद 73.8 प्रतिशत एवं मधु साहू 70.6 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त की। इसी प्रकार कक्षा 10वीं में कुशमी निषाद 86.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, रितु सेन 82 प्रतिशत द्वितीय एवं त्रिवेणी पटेल 63 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त की है। इस अवसर पर प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा ने



सभी सफल छात्र -छात्रओं की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिक्षा हमारे जीवन के लिए बहुत आवश्यक है। शिक्षा वह ज्योति है जो हमारे अंदर ज्ञान का प्रकाश भर देती है। उन्होंने आगे कहा कि जो विद्यार्थी असफल हुए हैं उन्हें निराश न होने की बात कहते हुए अच्छे से अवसर परीक्षा की तैयारी में जुट जाने की बात कही। साथ-साथ ईमानदारी पूर्वक पढ़ाई करें तो निश्चित ही सफलता मिलेगी। वहीं अवसर परीक्षा हेतु बोर्ड द्वारा जैसे ही समय सारणी निर्धारित होती है तो उनकी जानकारी पृथक से आप लोगों को दी जावेगी। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरनलाल साहू, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, नरेंद्र कुमार वर्मा, रेखा सोनी, गीतांजली नेताम, संतोषी गिलहरे, सत्या मिश्रा, नकुल राम साहू, रुद्र प्रताप साहू, दुष्यंत साहू, तोमन राम साहू व आकाश सूर्यवंशी ने बधाई दी है।

## आरटीई के तहत प्रवेश के लिए सत्यापन की अंतिम तिथि 17 तक

**महासमुंद।** आरटीई के तहत प्रवेश के लिए जिन लोगों ने स्कूलों में आवेदन किया है वे अपना दस्तावेज सत्यापन के लिए नोडल अधिकारी अमी रूफस प्राचार्य स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल तुमाडबरी स्थित भवन में 17 मई के पूर्व अनिवार्य रूप से जमा करें, जिससे निर्धारित समय पर सत्यापन किया जा सके। स्वामी आत्मानंद नोडल के अंतर्गत आने वाले स्कूल हैं, मां गायत्री हायर सेकेंडरी स्कूल, वृंदावन इंग्लिश स्कूल, एम विद्या मंदिर, गुड शेफर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल, श्याम विद्या मंदिर, डायरेक्शनल इंग्लिश स्कूल, द न्यू होलीफेथ स्कूल महासमुंद। दस्तावेज के अभाव में सत्यापन नहीं हो पाएगा और उनका आवेदन लाटरी के लिए पात्र नहीं होगा। उक्त जानकारी संस्था के मीडिया प्रभारी प्रमोद कुमार कन्नौजे ने दी है।

**नर्सेज डे**



**बसना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना में नर्सेज डे धूमधाम से मनाया गया। प्रत्येक वर्ष 12 मई को फ्लोरेंस नाईटेंगल के जन्म दिवस को पूरे विश्व में नर्सेज डे के रूप में मनाया जाता है। नर्सेज डे पर हम समाज में नर्सेज की महत्वपूर्ण भूमिका की स्मृति में उन्हें सम्मानित करते हैं। यह दिन उनके साहस, समर्पण, और सेवाभाव को समर्पित करते हैं। नर्सेज समुदाय की मदद के बिना चिकित्सा सेवाएं संभव नहीं होतीं। उनका साहस और समर्पण हर समय हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत होता है। समाज के सभी अंगों को उनके साथ सहयोग करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में नर्सिंग ऑफिसर रैना रागिनी, आकांक्षा इक्का, छाया श्रीवास, चंपा भार, रोहिणी पटनायक, सीमा ठाकुर, विनया साहू, हेमलता और प्रियंका औसर उपस्थित थे। कार्यक्रम में में डॉ. नारायण साहू बीएमओ बसना, दयानंद होता शिशु रोग विशेषज्ञ एवं रमन पंडा मेडिकल ऑफिसर भी उपस्थित रहे।

### तीन बच्चों ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का बढ़ाया मान



**मैनपुर।** गत दिवस माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें गरियाबंद जिले के विकासखंड मैनपुर अंतर्गत हाई स्कूल, देहारगुड़ा के तीन बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल के मन बड़ाऐ हैं। इस संबंध में प्रभारी प्राचार्य गोविंद पटेल ने बताया कि गरियाबंद जिला के तत्कालीन जिलाधीश आकाश छिकारा के द्वारा चलाए गए उत्कृष्ट जिला का लाभ बच्चों को मिला है। प्रत्येक सप्ताह साप्ताहिक टेस्ट व प्रत्येक माह मासिक टेस्ट लेने से बच्चों में उत्साह बढ़ा। शिक्षा सत्र 2023- 24 में हाई स्कूल देहारगुड़ा में कक्षा दसवीं में कुल 22 बच्चे दर्ज से थे। सभी बच्चों ने परीक्षा में सम्मिलित हुए और सभी बच्चे उत्तीर्ण हुए। प्रथम स्थान पर 13 बच्चे, द्वितीय स्थान पर 6 बच्चे व तृतीय स्थान पर 3 बच्चे। इस प्रकार हाई स्कूल देहारगुड़ा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय में प्रथम स्थान 91.6 प्रतिशत रूपेश्वरी, द्वितीय स्थान 91.01 प्रतिशत भोलेश्वर व तृतीय स्थान 90.3 प्रतिशत अंबेश्वरी। इस प्रकार से यह तीनों बच्चे 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने माता-पिता के नाम रोशन किए हैं। उत्तीर्ण हुए सभी बच्चों को प्राचार्य गोविंद पटेल, रघुवरशाय, रिकेश्वर तारक, केपी अग्रवानी, विश्राम वर्मा, चित्रसेन पटेल प्रधान पाठक, कान्ति लाल साहू, लोकेश सांडे, डिगेश्वरी सांडे, देवन नेताम, पवन दीवान, जूगलाल दीवान व पालकों ने बधाई दी है।

### तीन बेटियों को दिया कन्या विवाह योजना का लाभ





**महासमुंद।** ग्राम पंचायत बेलसोंडा की सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने अपनी स्वघोषित योजना के परिपालन में अक्षय तृतीया पर गांव की तीन बेटियों को फिर कन्या विवाह योजना का लाभ दिया। सरपंच भामिनी ने अपने महिला पंचों ईशा धीवर (गंगा), हेमा (जमुना) साहू तथा सरस्वती साहू को साथ लेकर गांव की तीन बेटियां दामिनी माता कल्याणी हरी धीवर, बिंदिया माता कामिनी दिलीप निर्मलकर तथा त्रिवेणी माता लक्ष्मी लेखराम चंद्राकर को अक्षय तृतीया पर अपनी बेटी विवाह योजना का लाभ प्रदान करते हुए प्रत्येक को 1105 रुपए की राशि टिकावन स्वरूप भेंट किया। सरपंच भामिनी चंद्राकर की इस योजना के क्रियान्वयन से बेटियों के ससुराल पक्ष भी प्रभावित तथा प्रफुल्लित है।

### कांग्रेस हमेशा छत्तीसगढ़ के विकास विरोधी रही : अलका



**बागबाहरा।** छत्तीसगढ़ के पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने स्वामी आत्मानंद स्कूल के नाम पर सिर्फ झूठे वाहवाही लेने का काम की है। स्कूल के लिए राज्य शासन द्वारा कोई बजट स्वीकृत नहीं किया गया, बल्कि गोठान, गोबर, शराब, कोयला की भांति आत्मानंद स्कूल को भ्रष्टाचार का केंद्र बना कर रखी, तभी तो डीएमएफ फंड से स्कूल के लिए राशि स्वीकृत कर कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति गठित की गई। उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा एवं जिला पंचायत सदस्य अलका चंद्राकर प्रदेश ने कहा पीएमश्री स्कूल खुलने से आज शिक्षक शिक्षा की गुणवत्ता संसाधन में बढ़ोतरी होने से सीधा लाभ बच्चों को मिलेगा। छात्रों को विशेष सुविधा मिलेगी। ग्रामीण बच्चों, महानगरों की स्कूलों के बच्चों के समक्ष तैयार होकर निकलेंगे, यही है पीएमश्री योजना। स्वामी आत्मानंद स्कूल का नाम ना बदलकर पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल रखा जाएगा। प्रधानमंत्री स्कूल्स ऑफ राइजिंग इंडिया भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के तहत हर विकासखंड के हायर सेकेंडरी स्कूल को विकसित कर प्रत्येक स्कूल के लिए दो करोड़ रूपया आवंटित कर सभी संसाधनों से युक्त किया जाएगा। अलका ने कहा कि कांग्रेस छत्तीसगढ़ में शिक्षा का स्तर बढ़ता नहीं देखना चाहती। क्योंकि, शिक्षा का स्तर बढ़ेगा तो कांग्रेस विलुप्त होते जाएगी। कांग्रेस ने हमेशा केंद्र के जनहितकार्यों का विरोध किया है, चाहे प्रधानमंत्री आवास रोकने का मामला हो या जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल जल पहुंचने का मामला हो, चाहे गरीबों को मुफ्त राशन देने का मामला हो। कांग्रेस छत्तीसगढ़ में सैकड़ों की संख्या में पीएमश्री स्कूल खोलने का झूठा प्रलाप ना करें एवं जनता को गुमराह ना करें।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**

## पद्म पुरस्कार विजेताओं को पूर्व मंत्री चंद्रशेखर ने दी बधाई

**नवापारा-राजिम।** राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों वर्ष 2023 के पद्म पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। इन विजेताओं में छत्तीसगढ़ के हेमचंद मांझी, पंडित रामलाल बरेठ और



जागेश्वर यादव भी शामिल रहे। तीनों को पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस पर पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने तीनों को बधाई देते हुए कहा कि ये तीनों ही व्यक्तित्व छत्तीसगढ़ के अमूल्य रत्न हैं। हेमचंद मांझी धुर नक्सल क्षेत्र नारायणपुर में वहां के आदिवासियों की आजीवन चिकित्सा सेवा कर रहे हैं। रायगढ़ के कत्थक नृत्य के महारथी पंडित रामलाल बरेठ ने पूरे विश्व को बताया है कि कत्थक नृत्य कला में छत्तीसगढ़ का भी अहम योगदान आज भी बना हुआ हैं। वहीं जागेश्वर यादव जशपुर में विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर व पहाड़ी कोरवा की आजीवन सेवा कर रहे हैं। तीनों ही विभूतियों को आज तक उचित सम्मान नहीं मिल पाया था, जिसके चलते इतना महान कार्य करते रहने के बावजूद छत्तीसगढ़वासी आज तक उनके नाम और काम से अनजान थे। जबकि ये तीनों ही हमारे छत्तीसगढ़ के वास्तविक गौरव हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यकाल में निःस्वार्थ जनसेवा में लगे देश के ऐसे ही हमारे वास्तविक गौरवों को लगातार सम्मानित किया जा रहा है। श्री साहू ने आगे कहा मेरा ऐसा मानना है कि ऐसी विभूतियों को सम्मानित किया जाना सम्मान का सम्मान है। मैं हेमचंद मांझी, पंडित रामलाल बरेठ और जागेश्वर यादव को पद्मश्री से सम्मानित होने पर बधाई देता हूं। साथ ही तीनों को पद्मश्री प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का भी आभार व्यक्त करता हूं।

## मोदी की गारंटी व बृजमोहन की लोकप्रियता पर मुहरः टीकम

**नवापारा-राजिम।** निर्वाचन आयोग ने लोकसभा में हुए मतदान के प्रतिशत को जारी कर दिया है। जिसमें रायपुर लोकसभा क्षेत्र के अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में



सर्वाधिक और सबसे कम रायपुर पश्चिम में वोटिंग हुआ हैं। भाजपा नेता टीकम साहू ने बताया कि अभनपुर विधानसभा में 81.19,धरसीवां 75.64, बलोदाबाजार 73.24, आरंग 72.33, भाटापारा 69.83, रायपुर नगर दक्षिण 61.43, रायपुर ग्रामीण 59.24, रायपुर उत्तर 57.71 और सबसे कम रायपुर पश्चिम में 56.65 प्रतिशत मतदान हुआ है। नगरीय क्षेत्र की अपेक्षा ग्रामीण एरिया में ज्यादा मतदान इस बात को प्रमाणित करता है कि ग्रामीणजन लोकतंत्र के महापर्व पर ज्यादा सहभागी रहे। और तो और रायपुर के आफिसर कालोनी में महज 45 फीसदी ही मतदान हुआ। बताया कि रायपुर लोकसभा में 23 लाख 75 हजार 379 मतदाता हैं। जबकि 2019 के चुनाव में 21 लाख, 11 हजार 738 मतदाता थे। वैसे रायपुर लोकसभा में कुल 66.82 प्रतिशत मतदान हुआ हैं जो पिछले चुनाव की अपेक्षा एक प्रतिशत अधिक है। श्री साहू ने कहा कि मोदी की गारंटी बिष्णु का सुशासन और बृजमोहन अग्रवाल की लोकप्रियता पर वोटिंग हुआ हैं।

# गर्भवती महिला उत्तम आचरण करें तो बच्चा संस्कारवान पैदा होगा : परमानंद

### जामगांव में 7 महिलाओं का कराया गया पुंसवन संस्कार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर/छुईहा

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन एवं गायत्री चेतना केन्द्र फिंगेश्वर के मार्ग दर्शन में एक कुण्डीय गायत्री महायज्ञ 11 मई को ग्राम जामगांव में किया गया। आयोजन में 7 गर्भवती महिलाओं का आचार्य द्वारा मंत्रोच्चार से पुंसवन संस्कार कराया गया। यज्ञाचार्य परमानंद महराज ने वैदिक कर्मकाण्ड, संस्कार के महत्व के साथ मुकेश साहू, यश कुमार एवं संतोष साहू के द्वारा युग संगीत प्रज्ञा गीत सूनाये। व्यास मंच से युग पुरोहित परमानंद पुंसवन संस्कार पर प्रकाश डालते कहा कि गलत खान पान के कारण गर्भस्थ शिशु पर उसका प्रभाव पड़ता है। गर्भवती माता संस्कारित आचरण करेंगी तो बच्चा भी संस्कारवान पैदा होगा। गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद से विशेष रूप से पधारे ललित मेश्राम ने कहा कि चौरासी लाख योनियो में मनुष्य योनि ही है जिनका संस्कार होता है। मानव को भगवान का अंश बताया गया है इसलिए मानव को देवता के समान आचरण करना चाहिए। गर्भवती महिलाओं में मनीषा पोषण साहू, डागेश्वरी कोमल रातरे, यशवानी सेवक साहू, दिव्या नीतीश साहू, ऋतु टुकेश्वर देवांगन, रेखा डूगेश्वर ध्रुव भेंडरी, दुर्गा ईश्वर ध्रुव ने पुंसवन संस्कार कराया गया। उन सभी को मंत्र लेखन, बलिवैश्व मंत्र स्टीकर एवं आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी का साहित्य का सौजन्य भेट स्वरूप दिया गया। कार्यक्रम में संध्या बेला पर दीप महायज्ञ शुरू हुआ। गांव की युवतियों, महिलाओं ने पांच -पांच दीपक थाल में सजाकर लाए थे उसे आचार्य के मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्वलित किया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण एवं सबके सुखमय जीवन के लिए गायत्री मंत्र तथा महामृत्युंजय मंत्र से आहुति दी गई। आभार एचएल साहू जिला प्रभारी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा एवं पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी फिंगेश्वर ने कहा कि युग ऋषि का उद्घोष मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण। जब हम दैवीय गुणों को अपने अंदर धारण करेंगे तभी मानव देवता के समान आचरण कर पाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला एवं बाल विकास विभाग पर्यवेक्षक ए. देवांगन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवती साहू, दुलारी साहू, संतोषी सिन्हा, पवन गुप्ता, जगदीश साहू, कृपाराम यादव, लोकराम साहू, देवेंद्र, हिरऊ, युग राम, लकेश, मुकेश, कामता सिन्हा, चिंता राम साहू, बोधराम, जगमोहन, धनवंतरी सिन्हा, परस चौहान, कमला दलवानी, पूर्णिमा यादव, टोपेश्वरी सिन्हा, शोभना साहू, मींजूल साहू, गायत्री परिवार, महिला समिति व ग्रामवासी उपस्थित थे।

### समस्या : ग्रामीणों को जूझना पड़ रहा है पेयजल समस्या से

# सांकरा में गहराया पेयजल संकट, दूसरे के घर से पानी मांग कर बुझा रहे प्यास








हरिभूमि न्यूज ▶▶| पांडुका

अंचल के ग्राम पंचायत सांकरा के संगम चौक में भारी पेयजल समस्या से ग्रामीणों को जूझना पड़ रहा है। खासकर महिलाओं का जो सवेरे से घर के सारे बर्तन लेकर चौक में पहुंच जाते हैं। लगभग 50 घरों में इन दिनों पेयजल संकट गहराया है और ग्राम के चिंता राम इस समस्या का हल कर रहे जो अपने निजी बोर से ग्रामीणों को निशुल्क पानी पिला रहे हैं, तो इस बारे में ग्रामीणों ने कहा कि सरपंच, सचिव को तो गांव की किसी भी समस्या से कोई सरोकार नहीं है। जबकि पेयजल के लिए ग्राम पंचायत में अलग से फंड रहता है। इसके बाद भी ग्रामीण प्यासे है और अगर पेयजल से जुड़े बिल निकाला जाए तो लाखों का बिल वाउचर मिलेगा। इस बारे में ग्रामीण अब आरटीआई से जानकारी निकलने का मन बना रहे हैं। वहीं इस ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष ओमकार यादव ने बताया यह पेयजल की समस्या इस चौक पर हर साल रहता है। पंचायत के सरपंच सचिव कोई ध्यान नहीं देते।

हमेशा के लिए इस समस्या का निवारण पंचायत को करना चाहिए, नहीं तो कलेक्टर में शिकायत करेंगे। 4 दिन से बाजार चौक का मशीन बिगड़ा है जिसे बना नहीं रहे हैं। मोहल्ले के दुर्गा बाई, कुंज बाई, चंपा बाई, जानकी बाई, दुर्गा बाई, निर्मला बाई आदि ने बताया की इससे पहले खेत से लाते थे पानी और अभी गांव के चिंता राम के बोर से 2 माह से पानी ला रहे है। जो हमें निशुल्क पानी दे रहा है हमारे मोहल्ले में लगभग 50 से अधिक घर है जो हर दिन सुबह शाम इस तरह पानी के लिए मारामारी कर रहे है। ग्रामीणों की माने तो पंचायत प्रतिनिधियों और सचिव को सब पता है। हर साल पेयजल की यह समस्या रहता है। पर आज तक ग्राम पंचायत इसका कोई हल नहीं निकल पाया है।

## जोहार आदिवासी कला मंच की प्रदेश स्तरीय हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

पूरे प्रदेश में संस्कृति, लोकगीत, कला एवं विभिन्न प्रतिभाओं के माध्यम से अपना मंच नाम पूरे छत्तीसगढ़ में पहचान बनाने वाले जोहारआदिवासी कला मंच का प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी बैठक अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद भवन-गरियाबंद में संपन्न हुआ। आदिवासी समाज पूरे विश्व में अपनेरूढ़ि-प्रथा संस्कृति, वेशभूषा, पारंपरिक लोक नृत्य, संगीत कला के नाम से जाने एवं पहचाने जाते हैं। प्रदेश प्रवक्ता तिरु शंकर छेदैहा ने बताया प्रथम कार्यक्रम पिछले वर्ष विकासखंड नगरी जिला धमतरी में संपन्न हुआ था। जिसमें प्रदेश के सभी कलाकारों का सम्मान प्रशस्ति पत्र मोमेंटो देकर हुआ था और इस वर्ष 2024 प्रदेश स्तरीय वार्षिक सम्मान समारोह कवि सम्मेलन के विभिन्न प्रतिभाओं का सम्मान जिला मुख्यालय गरियाबंद में होना है। जिसके तैयारी पूरे सगा समाज के माध्यम से कर रहे हैं। यहां कार्यक्रम पूरे प्रदेश में अलग से पहचान बनाएगी। जिसके श्रेय पूरे जोहार आदिवासी कला मंच को जाता है। बैठक में ईश्वर मंडावी प्रदेश संरक्षक, पूरणमल नेताम प्रांताध्यक्ष, तरकेश मरकाम प्रांत महासचिव, शंकर छेदैहा प्रदेश प्रवक्ता सचिव कमलेश मांझी प्रांत कोषाध्यक्ष जितेंद्र नेताम प्रांत सहसचिव, मेमन मरकाम युवाकवि रचनाकार, भानुप्रताप कुंजाम जिलाध्यक्ष धमतरी, खोवा लाल बिसेन जिला अध्यक्ष गरियाबंद, चिमन मरकाम (युवा कवि) प्रांतीय पदाधिकारी इस बैठक में शामिल हुए।

# ब्राह्मण समाज ने धूमधाम से मनाया परशुराम जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



विकासखंड ब्राह्मण समाज द्वारा श्री मानस मंदिर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़े ही धूम धूमधाम से मनाया गया। समाज के सभी विप्र गण द्वारा भगवान के जन्मोत्सव दिवस पर प्रातःकाल पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। भगवान परशुराम जन्मोत्सव के दिन अक्षय तृतीया (अक्ति ) त्यौहार होने से नवीन कार्यकारिणी हेतु आज बैठक एवं भोजन प्रसादी का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में छुरा विकास खंड के छुरा समेत सभी ग्राम के विप्रगण शामिल हुवे। ब्राह्मण समाज के इस बैठक में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी मे सर्वसम्मति से अध्यक्ष अशोक दीक्षित (मक्खू महाराज), उपाध्यक्ष अजय शुक्ला एवं कन्हैया मिश्रा, कोषाध्यक्ष डीके शुक्ला, महामंत्री रमेश त्रिपाठी व बीरेंद्र पाण्डेय, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नरेन्द्र तिवारी, लखन तिवारी, कामता तिवारी, विनोद तिवारी, रुपेश शर्मा, भोला पांडेय, अरुण चौबे, ओपी द्विवेदी, मनोज दुबे, हरिश शर्मा, चतुर पांडेय, मीडिया प्रभारी मेष नंदन पांडेय, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शैलेन्द्र दीक्षित, सचिव अखिल चौबे को नियुक्त किया गया।

# भगवान परशुराम की निकाली शोभायात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार की शाम राजिम शहर में ब्राम्हण समाज की भव्य शोभायात्रा भगवान श्रीराम के प्राचीन मंदिर से ढोल-ढमाके धूमाल बाजा के साथ शहर में निकली गई। शोभायात्रा निकलने के पहले भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, राजिम ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा एवं उपस्थित समाज के लोगों ने की। ये शोभायात्रा श्रीराम मंदिर से निकलकर थानापारा रोड से होते हुए गायत्री मंदिर, सुभाष चौक, रेस्ट हाऊस मार्ग, पंडित श्यामाचरण शुक्ल चौक, फारेस्ट नाका, पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक होते हुए ब्राम्हणपारा गुड़ी चौक में समापन हुआ। इसके पहले पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक बस स्टेण्ड में भगवान परशुराम की महाआरती की गई। महाआरती में ब्राम्हण समाज के अलावा साहू समाज, राजपूत समाज सहित कई समाज के लोग शामिल हुए। चौक में साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू द्वारा समाज के लोगों को स्वागत कर ठंडा पेय लस्सी एवं पानी पिलाया गया। चौक में सामाजिक समरसता का यह मिशाल देखते ही बन रहा था जब सब सर्व समाज के लोग सम्मान करने के लिए मौजूद थे। स्वागत करने वालो में कार्यकारी अध्यक्ष ईश्वरी साहू, महामंत्री लोकनाथ साहू, संगठन मंत्री घनश्याम साहू, समाजसेवी अमर ठाकुर के अलावा अन्य लोग शामिल थे। इस दौरान शोभायात्रा में समाज के संरक्षक संतोष उपाध्याय, अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, सचिव धीरेंद्र शर्मा, विकास तिवारी, महितोष शर्मा, कृष्णगोपल शर्मा, सुनील तिवारी, सपन शर्मा, सुभाष शर्मा, सागर शर्मा, विवेक शर्मा, राजेश, हेमंत, आशीष, नीरज, आरएन तिवारी, अशोक शर्मा, संजय, आलोक, चंद्रशेखर, रामेश्वर, बसंत शर्मा, त्रिपुरारी शर्मा, बीरेंद्र शर्मा, अनादि शर्मा, सुबोध शर्मा, डॉक्टर शर्मा, विजय, संतोष, रूपेश, रामनारायण, सबेरा, अमित, धर्मेंद्र शर्मा, सीमा शर्मा, छाया राही, प्रीति पांडेय, शिखा शर्मा, ममता शर्मा, मनीषा शर्मा, भुवनेश्वरी शर्मा आदि शामिल थे। खास बात यह थी कि बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं एवं युवतियां शामिल रही।

- **साहू, राजपूत समाज सहित अन्य समाज के लोगों ने किया स्वागत**

# बोर्ड परीक्षाओं में किसान बेटियों ने उत्कृष्ट परिणाम लाकर स्कूल का नाम किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद





शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीपरछेड़ी के विद्यार्थियो ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम लाकर परिवार, समाज के साथ साथ विद्यालय का नाम रोशन किया है। विगत दिनों शिक्षा मण्डल से प्राप्त 10वीं एवम् 12वी कक्षा के सभी संकायों का परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। जिसमें कक्षा10वीं से पुकेष देवांगन की पुत्री कुमारी पूर्वी देवांगन प्रथम (80.83प्रतिशत), रोशन यादव द्वितीय (79.35%) और 69.16% के साथ तृतीय स्थान अभुभव भैसवाड़े ने हासिल किया। कुल परीक्षा परिणाम 88.88 फीसदी रहा, जो पिछले साल की तुलना में 7.83 फीसदी अधिक रहा। वहीं कक्षा 12वीं में भी बेटियों ने बाजी मारी है। वहीं 66.66 प्रतिशत के साथ कला संकाय से कुमारी गुंजा दीवान ने प्रथम स्थान, 65.5% के साथ विज्ञान संकाय की गरिमा दीवान ने द्वितीय स्थान और विज्ञान संकाय से ही 61.4% प्राप्त कर नवीन कुमार ने तृतीय स्थान में जगह बनाई है। इस तरह कक्षा 12वीं का कुल परीक्षा परिणाम 63.15 फीसदी रहा। जो पिछले साल की तुलना में 3.98 फीसदी अधिक है। सफलता प्राप्त किए समस्त विद्यार्थियों को संस्था के युवा प्राचार्य बसंत त्रिवेदी एवं समस्त अध्यापकगण, वरिष्ठ व्याखाता केआर साहू, दिनेश निर्मलकर, विरेन्द्र सिन्हा, 10वीं कक्षा शिक्षक डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा, 12वीं कक्षा शिक्षक किरण दीवान, दीपक गवली, हरि नारायण यादव, हेमंत कुमार दाऊ, नूतन साहू, योगेश्वरी यादव, जिला वॉलीबॉल कोच व व्यायाम शिक्षक सूरज महडिक सहित समस्त कर्मचारियों ने विधार्थियों की उज्वल भविष्य की कामना प्रेषित कि है।





